






# तुर्रा वाटर फाल के समीप जंगली हाथियों का मूवमेंट

## सीधी-मऊगंज की सीमा पर दो हाथी दिखे, वन विभाग सीधी की टीम दिन-रात हाथियों की निगरानी में लगी





नवभारत न्यूज

**सीधी 15 सितम्बर। तुर्रा वाटर फाल के समीप जंगली हाथियों का मूवमेंट आज दिन भर बना रहा। सीधी-मऊगंज की सीमा पर दो हांथी दिखने के बाद से वन विभाग सीधी की टीम दिन-रात हाथियों की निगरानी में लगी है।**

वन टीम का कहना है कि शाम होते ही जंगली हाथी अगली मंजिल के लिए रवाना हो जाते हैं। हाथी काफी सतर्कता से दबे पांव चलते हैं। जानकारी के अनुसार मऊगंज जिले की ओर से सीधी जिले की सीमा में तुर्रा पहाड़ में 13 सितम्बर की रात जंगली हाथियों को देखा गया। सरपंच की सूचना पर वन विभाग सीधी की रेस्क्यू टीम ने रात एक बजे तुर्रा पहाड़ में पहुंच कर मोर्चा संभाल लिया। सुबह होते-होते मधुगांव के जंगल में दोनों हाथी पहुंच गये और घने बांसों के बीच छिपे रहे। वन मंडल सीधी के रेस्क्यू टीम प्रभारी पंकज मिश्रा के अनुसार शाम ढ़लने के बाद दोनों जंगली हाथी दूसरे स्थान की ओर रवाना हुये लेकिन वन टीम उनको गांव की ओर जाने से रोकने के लिए सभी संभावित प्रयास कर रही है। नतीजन जंगली हाथियों को तुर्रा पहाड़ में ही घेराबंदी कर पहुंचाया गया।

उधर जंगली हाथियों के मूवमेंट की जानकारी सामने आने के बाद आसपास के ग्रामीणों में उत्सुकता के साथ सतर्कता भी बढ़ गई है। वन विभाग की ओर से स्थिति पर नजर रखी जा रही है वन मंडल रेस्क्यू टीम लगातार दोनों जंगली हाथियों की निगरानी के साथ गांव की ओर जाने से रोकने में भी लगा है। बताया गया है कि दोनों हांथी दिन के समय अपना डेरा एक स्थान पर जमा लेती हैं और रात के समय आगे की तरफ बढ़ती हैं। आसपास के ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए कहा जा रहा है। साथ ही लोगों को कच्चे मकान की बजाय पक्के मकान में रहने के लिए कहा जा रहा है। संबंधित क्षेत्रों में रात के समय बिजली की सप्लाई भी बंद की जायेगी। लोगों से तीन दिनों के लिए घर में पानी का स्टाक रखने एवं अनावश्यक घर से बाहर शाम के बाद न निकलने की अपील की जा रही है।

### इनका कहना है

मऊगंज की ओर से दो जंगली हांथी सीधी जिले की सीमा पर स्थित तुर्रा पहाड़ में शनिवार-रविवार की रात देखे गये। सूचना मिलने के बाद से वन मंडल सीधी की रेस्क्यू टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर जंगली हांथियों की निगरानी में लगी हुई है। दिन में हांथी एक ही स्थान में ओझल होकर रूकते हैं और शाम के बाद से चलना शुरू करते हैं।

**पंकज मिश्रा, प्रभारी रेस्क्यू टीम, वन मंडल सीधी**

# बैडमिंटन में वर्तिका, बास्केटबॉल में आयुषी और युवराज करेंगे संभाग का प्रतिनिधित्व



नवभारत न्यूज

**सीधी 15 सितम्बर। स्थानीय गणेश स्कूल पड़रा के तीन छात्र खिलाड़ी एसजीएफआई द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय बैडमिंटन एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मंगलवार को रवाना हुए। विद्यालय के प्राचार्य डॉ.महेंद्र कुमार तिवारी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर शुभकामनाएं दीं और खेल प्रशिक्षक सुभाष शुक्ल के साथ उन्हें प्रतियोगिता के लिए रवाना किया।**

प्रवक्ता राजकपूर चितेरा ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अंडर-17 बास्केटबॉल में विद्यालय की आयुषी सिंह एवं युवराज सिंह बैस अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। वहीं अंडर-14 बैडमिंटन में वर्तिका सिंह कुशवाहा संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी। ज्ञात हो कि एसजीएफआई की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं 16 से 20 सितम्बर तक आयोजित होंगी। बैडमिंटन प्रतियोगिता सागर जिले में, जबकि बास्केटबॉल प्रतियोगिता शहडोल जिले में आयोजित की जाएगी।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.महेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि राज्य स्तर पर संभाग का प्रतिनिधित्व करना विद्यालय के लिए गौरव की बात है। उन्होंने खिलाड़ियों से पूरे आत्मविश्वास, अनुशासन और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अपेक्षा जताते हुए उनके उज्ज्वल प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। खिलाड़ियों के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन पर विद्यालय की एचएम माप्मा सिमन्स सहित खेल प्रशिक्षक तरुणनाथ मिश्र, सूरज शुक्ल, सुभाष शुक्ल, माखनलाल मिश्र, विश्वास पाण्डेय, प्रियंका सिंह एवं अंकुर मिश्र ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

# विहिप ने राज्यपाल से सम्मानित शिक्षिका अजीता द्विवेदी को किया सम्मानित



नवभारत न्यूज

**सीधी 15 सितम्बर। जिले का नाम गौरवान्वित करने वाली वरिष्ठ शिक्षिका एवं राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित श्रीमती अजीता द्विवेदी का विश्व हिंदू परिषद महाकौशल प्रांत सीधी द्वारा आयुष्मान कला भवन में पहुंचकर शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।**

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद की पूरी टीम ने उन्हें सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। ज्ञात हो कि श्रीमती अजीता द्विवेदी को राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में मध्यप्रदेश के राज्यपाल महामहिम मंगू भाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं शिक्षा मंत्री सहित अन्य मंत्रियों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्मान प्राप्त हुआ था। उनकी इस उपलब्धि से सीधी जिले का गौरव बढ़ा है। सम्मान समारोह में विश्व हिंदू परिषद सीधी के जिला अध्यक्ष गणेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष रविराय बहादुर सिंह, जिला सह कोषाध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय, विशेष संपर्क प्रमुख अजीत सिंह, सामाजिक समरसता प्रमुख राजेन्द्र शर्मा, सह मंत्री विवेक चौरसिया, दुर्गा वाहिनी संयोजिका प्रियंका मिश्रा, प्रखंड सेमरिया मातृशक्ति संयोजिका अरुणा जायसवाल, किरण सिंह, बलोपासना प्रमुख माखन मिश्र, मंदिर अर्चक पुरोहित योग्यसेन गुप्ता, सह सत्संग प्रमुख विनायक गुप्ता, गोरक्षा प्रमुख मार्तण्ड मिश्र, नगर मंत्री मुकेश नामदेव, नगर सत्संग प्रमुख दिनेश गुप्ता एवं नगर मंदिर अर्चक पुरोहित राज राखन गुप्ता, अमन द्विवेदी सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी विश्व हिंदू परिषद के प्रचार-प्रसार प्रमुख धीरेश मिश्र ने दी।

# सोमालोब ने हिन्दी दिवस पर किया कविगोष्ठी का आयोजन

▸ बघेली पुस्तक का किया विमोचन



नवभारत न्यूज

**सीधी 15 सितम्बर। बघेली साहित्य, संस्कृति तथा बघेली लोकरंग की दिशा में बहुचर्चित संस्था सोंधी माटी लोनी बघेली साहित्यिक मंच सीधी ने सरस्वती विद्यालय मड़रिया के हाल में हिन्दी दिवस 2026 तथा गणेश चतुर्थी का पर्व कविता पाठ करके मनाया।**

बता दें कि इस अवसर पर कवि आचार्य बृजमोहन ब्रजेश की बघेली काव्यकृति कोइली बोलइ बाग मा का विमोचन मुख्य अतिथि एस.एन.त्रिपाठी प्राचार्य, अध्यक्ष राजकुमार सिंह प्राचार्य, विशिष्ट अतिथि डॉ.राजकरण शुक्ल राज तथा सोमालोब के अध्यक्ष डॉ.श्रीनिवास शुक्ल सरस द्वारा समारोह पूर्वक हुआ। सभी मंचस्थ अतिथियों ने कृतिकार आचार्य बृजमोहन ब्रजेश को शुभकामनाएं दी।

लगभग डेढ दर्जन कवियों ने हिन्दी तथा बघेली में काव्यपाठ किया। मंच का सफल संचालन सोमालोब के प्रमुख सचिव रमाकांत द्विवेदी सावन ने किया। कवि राजबहोर पाठक मनोज, शिवशंकर सिंह चौहान, डॉ.प्रदीप दुबे, अंजनी सिंह सौरभ, हरिविलास गुप्त हरि, सतीश पाण्डेय शलभ, कमलापति गौतम, कमलेश कुमार कायल, कुंजल साकेत कुंज, हरिश्चन्द्र गुप्त, भूपेश गुप्ता, शत्रुहन शुक्ल प्रखर, कवि गरज शुक्ल आदि ने गीत गजल छन्द सवैया और कविताएँ पढकर हिन्दी दिवस का समारोह उत्साहपूर्वक मनाया।

# सीएमएचओ ने की रक्तदान की अपील, 17 को रक्तदान शिविर

नवभारत न्यूज

**सीधी 15 सितम्बर। म.प्र. शासन, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय भोपाल के पत्र क्र. 281 दिनांक 09/09/2026 के परिपालन में एवं कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में 17 सितम्बर को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।**

यह शिविर प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक जिला चिकित्सालय सीधी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुसमी में आयोजित होगा। शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष 1 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस एवं 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक राष्ट्रीय मेगा रक्तदान अभियान मनाया जा रहा है। इस वर्ष अभियान का मुख्य थीम मानवता की एक बूंद, रक्तदान करें, जीवन बचाएं रखा गया है। इसी तारतम्य में सीएमएचओ डॉ.अशोक कुमार खरे ने आमजनों से अपील किया है कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, रक्त का कोई विकल्प नहीं है। आपके द्वारा किया गया एक यूनिट रक्तदान किसी जरूरतमंद, थैलेसीमिया, एनीमिया पीड़ित, गर्भवती माता एवं दुर्घटना में घायल व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। मैं जिले के समस्त नागरिकों, शासकीय विभागों, गैर सरकारी संगठनों, सामाजिक व राजनैतिक संस्थाओं, एनसीसी, एनएसएसए माई भारत स्वयंसेवकों, भारतीय रेडक्रॉस, छात्र-छात्राओं, युवा संगठनों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से अपील करता हूं कि 17 सितम्बर के विशाल रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वैच्छिक रक्तदान करें और इस महाअभियान को सफल बनाएं। उन्होंने बताया कि इस अभियान में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु उच्च शिक्षा संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समस्त रक्तदान शिविरों की जानकारी ई-रक्तकोष, बीबीएमएस पोर्टल पर रियल टाइम दर्ज की जाएगी। रक्तदान के लिए आयु 18 से 65 वर्ष, वजन 50 किग्रा से अधिक एवं हीमोग्लोबिन की पात्रता होना आवश्यक है।

# भारतीय स्टेट बैंक में हिन्दी दिवस समारोह हुआ आयोजित, अनेक साहित्यकार हुए सम्मानित



नवभारत न्यूज

**सीधी 15 सितम्बर। भारतीय स्टेट बैंक सीधी गायत्री काम्प्लेक्स के सभागार में हिन्दी दिवस समारोह गरिमापूर्ण रूप में सम्पन्न हुआ। आयोजन विचार गोष्ठी एवं काव्यपाठ के साथ दो रूपों में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व शाखा प्रबंधक एवं प्रतिष्ठित समाजसेवी जगत प्रताप सिंह ने की एवं संचालन डॉ.शिव शंकर मिश्र सरस ने किया।**

कार्यक्रम में ओम प्रकाश त्रिपाठी ने संबोधित करते हुए हिन्दी के राजभाषा होने से लेकर आधुनिक समय में इसके अस्तित्व और प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे। आदर्श सिंह ने अर्थव्यवस्था के संदर्भ में हिन्दी के महत्व को रेखांकित किया। चर्चित चिंतक एवं लेखक सोमेश्वर सिंह ने हिन्दी को आवश्यकतानुसार उपयोग में लाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हिन्दी हमारी अनमोल विरासत है जो निरन्तर प्रगतिशील है। यह अरबी, फारसी और उर्दू जैसी अनेक भाषाओं को स्वयं में समेटे हुए है। मंच संचालक डॉ.शिवशंकर मिश्र सरस ने हिन्दी के विस्तार में 17 लोक बोलियों के अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में कुमारी अमृता पाण्डेय ने रामायण के प्रसंगों से जोड़ते हुए मातृभाषा का महत्व बताया और जननी जन्मभूमि स्वर्गादपि गरीयसी के भाव को रेखांकित करते हुए मधुर स्वर में काव्यपाठ किया। तत्पश्चात अशोक अकेला ने काव्यपाठ करते हुए लेखक को हमेशा सत्ता के विरोध में खड़े रहने पर बल दिया। सुप्रसिद्ध कवि और चिंतक डॉ.अनिल सिंह सत्यप्रिय ने अपने संबोधन में उत्तर और दक्षिण भारत को भाषाई आधार पर अलग दृष्टिकोण से देखने वालों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने हिन्दी के संवर्धन के लिए युवावस्था पीढ़ी को जिम्मेदारी सौंपने का आह्वान किया।

ख्यातिलब्ध बघेली कवि धीरेन्द्र त्रिपाठी ने अपने काव्यपाठ से सभा को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष ने सीधी के साहित्य पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिक से अधिक बड़े लेखकों के साहित्य को पढ़ने की बात की एवं हिन्दी की अनेकों पुस्तकों पर जो हिन्दी की गरिमा को बढ़ाती हैं पर चर्चा की। कार्यक्रम के समापन पर बैंक प्रबंधक मनीष कुमार ने बैंकों में हिन्दी का महत्व एवं भूमिका पर चर्चा करते हुए उपस्थित नगर के सभी साहित्यकारों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी का साल एवं श्रीफल से सम्मानित किया। इस अवसर पर बैंक का पूरा स्टाफ तथा नगर के साहित्यप्रेमी जन भी उपस्थित रहे, जिससे हिन्दी दिवस का कार्यक्रम भव्यता से सम्पन्न हुआ।



# अयोध्या राम मंदिर से चंदा चोरी करोड़ों सनातनियों की आस्था के साथ कुठाराघात : ज्ञान

नवभारत न्यूज

**सीधी 15 सितम्बर। सीधी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पटेहरा कोठार में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुचवाही द्वारा अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर से जुड़े कथित चंदा घोटाले एवं अनियमितताओं के आरोपों को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के बीच राम मंदिर निर्माण से जुड़े चंदे, उसकी पारदर्शिता और कथित अनियमितताओं को लेकर चर्चा की गई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि प्रभु श्री राम करोड़ों सनातनियों की आस्था और श्रद्धा के केन्द्र हैं। राम मंदिर से जुड़ा प्रत्येक विषय करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं से जुड़ा हुआ है। ऐसे में मंदिर निर्माण के लिए श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए सहयोग और चंदे के उपयोग में पूरी पारदर्शिता, जवाबदेही और स्पष्टता होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसी की धार्मिक आस्था पर सवाल नहीं उठा रही है बल्कि राम मंदिर से जुड़े चंदे में सामने आए कथित आरोपों और अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग कर रही है। श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था और विश्वास के साथ मंदिर निर्माण के लिए सहयोग किया है इसलिए उनके द्वारा दिए गए धन के उपयोग को लेकर किसी भी प्रकार की शंका है तो उसका समाधान तथ्यों और जांच के माध्यम से होना चाहिए। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को अयोध्या में राम मंदिर से जुड़े चंदे की कथित अनियमितताओं के आरोपों की जानकारी देते हुए पूरे मामले की वस्तुस्थिति से अवगत कराया। वक्ताओं ने कहा कि धार्मिक आस्था से जुड़े किसी भी मामले में राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से अधिक महत्वपूर्ण पारदर्शिता और सत्य सामने लाना है। कांग्रेस ने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच कराई जाए तथा जांच में यदि किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता या भ्रष्टाचार प्रमाणित होता है तो संबंधित दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाए।

# पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई में सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित एवं समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश



नवभारत न्यूज

**सीधी 15 सितम्बर। पुलिस अधीक्षक कार्यालय सीधी में आज आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने जिलेभर से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं।**

जनसुनवाई में भूमि एवं संपत्ति विवाद, पारिवारिक विवाद, महिला संबंधी शिकायतें, मारपीट, धोखाधड़ी, साइबर अपराध सहित विभिन्न मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों से प्रकरणों की जानकारी लेते हुए निष्पक्ष जांच एवं नियमानुसार समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने पूर्व से लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने तथा फरियादियों को कार्रवाई की स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए। महिलाओंए वरिष्ठ नागरिकों एवं कमजोर वर्गों से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता से सुनते हुए अधिकारियों को संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री सुजीत कड़वे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कटे-फटे होठ का शिविर कल, चिन्हित बच्चों का होगा नि :शुल्क इलाज

नवभारत न्यूज

**सीधी 15 सितम्बर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अशोक कुमार खरे द्वारा बताया गया कि आरबीएसके कार्यक्रम के तहत कटे-फटे होंठ के हितग्राहियों के लिए 17 सितम्बर को डीईआईसी भवन जिला चिकित्सालय सीधी में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर आयोजित किया जाएगा।**

शिविर के सफल आयोजन के लिए सिविल सर्जन, नोडल अधिकारी शहरी क्षेत्र, समस्त बीएमओ और आरबीएसके टीम को निर्देशित किया गया है कि चिन्हित समस्त हितग्राहियों को आरबीएसके वाहन से शिविर में लाना सुनिश्चित करें। इस शिविर में दुबे सर्जिकल हास्पिटल जबलपुर की विशेषज्ञ टीम द्वारा चिन्हित बच्चों का नि:शुल्क ऑपरेशन व इलाज किया जाएगा।

# आयोजित होने वाली सभी गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए सुनिश्चित : विकास

## समय-सीमा बैठक में सेवा संकल्प अभियान सहित योजनाओं की समीक्षा, सेवा संकल्प अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के कलेक्टर ने दिए निर्देश



नवभारत न्यूज

**सीधी 15 सितम्बर। कलेक्टर विकास मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, अभियानों एवं विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को विशेष प्राथमिकता दी गई।**

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अभियान के तहत आयोजित होने वाली सभी गतिविधियों की समय पर तैयारियां पूर्ण कर उनका व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। 17 सितम्बर को प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम 500 दीप जलाने तथा जिला चिकित्सालय सीधी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुसमी में रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। 19 से 26 सितम्बर तक स्कूल एवं कॉलेजों में 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिताएं, 26 से आंगन मिलन सेवा, 7 अक्टूबर को विधानसभा क्षेत्रों में सेवा ज्योति कलश यात्रा तथा 2 से 10 अक्टूबर तक 'सेवा में मेरा योगदान सप्ताह' आयोजित किया जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर पर सेवा सेतु अभियान भी चलेगा। अभियान की गतिविधियों, विकास कार्यों एवं हितग्राहियों की सफलता की कहानियों का फोटो-वीडियो सहित व्यापक प्रचार-प्रसार एवं पोर्टल पर अपलोडिंग के लिए पृथक टीम गठित करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का केवल औपचारिक निराकरण न करते हुए शिकायतकर्ता की संतुष्टि के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। लोक सेवा गारंटी के लंबित प्रकरणों का भी निर्धारित समय-सीमा में निराकरण किया जाए। यातायात व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्रों के साथ बहरी, अमिलिया, मड़वास एवं कुसमी जैसी बड़ी ग्राम पंचायतों में यातायात जागरूकता गतिविधियां संचालित करने तथा यातायात का सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्माणाधीन भवनों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप हों। बैठक में सीईओ जिपं सौम्या आनंद, एसडीएम मझौली आकाश अग्रवाल सहित जिला अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### महाअभियान की तैयारियों की हुई समीक्षा

बैठक में 17 सितम्बर से स्वामित्व योजना के हितग्राहियों के अधिकार अभिलेखों की नि :शुल्क रजिस्ट्री के लिए प्रारंभ होने वाले महाअभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को ग्राम स्तर पर आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए और उन्हें पंजीयन के लिए दूर स्थित कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। पटवारी हितग्राहियों से संपर्क कर दस्तावेज एवं प्रक्रिया पूर्ण कराने में सहयोग करें तथा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार पंजीयन प्रक्रिया को सुगम एवं त्वरित बनाएं।

### जंगली हाथियों की आवाजाही को लेकर रहे सतर्क : प्रीती

वनमण्डलाधिकारी प्रीती अहिरवार ने जिले में जंगली हाथियों की आवाजाही की जानकारी दी। कलेक्टर ने सभी विभागों को सतर्क रहने तथा वन विभाग के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि अथवा नुकसान को रोका जा सके। वन व्यवस्थापन से संबंधित कार्यवाहियां भी निर्धारित समय पर पूर्ण करने को कहा गया।